प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। देश में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री योग सत्र में शामिल हुए। उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इस सत्र में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में योग के महत्व पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं।

****

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार की ओर से रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष निदेशालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि रांची विधायक सीपी सिंह और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षक डॉ. अर्चना कुमारी ने लोगों को योग कराया। रांची के अन्य खेल मैदानों, पार्कों और स्कूलों में विश्व योग दिवस पर योग के विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने भाग लिया।

****

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में धनबाद स्थित गोल्फ ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धनबाद के विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान योग प्रशिक्षक शिवम कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार पंडित और किशोर कुमार ने वहां मौजूद सभी लोगों को योग की कई मुद्राएं और आसन का अभ्यास कराया।

****

उधर, हजारीबाग जिले के कर्जन मैदान में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी लोकेश बरंगे ने विद्यालयों के बच्चों और कई संस्थानों के सदस्यों के साथ योग अभ्यास किया। योगाभ्यास के उपरांत प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने कहा कि प्राचीन भारतीय पद्धति तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है।

****

पलामू जिले में योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा उपायुक्त शशि रंजन, नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्को ने भी सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की भी भागीदारी रही। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योग करने से कई फायदे हैं।

****

धनबाद के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मिड डे मील को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउण्ड बाईट – दीपक, धनबाद – 46 सेकेण्ड

****

ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद आज पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से अदालत से फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मांग की गई। इसका बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्ष सुनने के बाद अदालत ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की।

****

राज्य में मानसून आने से पहले बारिश का दौर शुरू हो गया है। इसके मद्देनजर कई जिलों में वज्रपात के साथ भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि मालदा से रक्सौल–भागलपुर

होते हुए जल्द ही मानसून के राज्य के संताल परगना में प्रवेश करने की उम्मीद है। राज्य में 22–23 जून को मानसून के दाखिल होने की संभावना है। दूसरी तरफ, राज्य में हो रहे प्री–मानसून की बारिश के साथ हुए वज्रपात ने कल तीन लोगों की जान ले ली।

***********समाप्त***********